हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025

14 2.5 करोड़ की लागत से सुधरेगी नंदीशाला...



13 जिलाध्यक्ष व विधायक ने प्रधानमंत्री की सोनीपत रैली..






## खबर संक्षेप



### इंटरनेशनल हाफ मैराथन में सुनील ने जीता कांस्य

**भिवानी।** दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 12 अक्तूबर को आयोजित इंटरनेशनल हाफ मैराथन में भिवानी के सुनील ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता है। धावक सुनील फायर ब्रिगेड भिवानी में कार्यरत हैं। धावक सुनील ने 30 से 35 आयुवर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। गांव साहलेवाला निवासी सुनील भुक्कल ने बताया कि उन्होंने 23वीं बार मेडल जीता है।

### मांगों को लेकर 16 को होगा प्रदर्शन

**भिवानी।** अखिल भारतीय किसान सभा व मजदूरों को संगठन सीटू ने संयुक्त रूप से किसान मजदूरों की मांगों को लेकर 16 अक्तूबर को उपायुक्त कार्यालय के सामने होने वाले विशाल प्रदर्शन की तैयारी के लिए गांव मिताथल, घुसकानी व तिगड़ाना का दौरा किया व संयुक्त सभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, सीटू नेता सुखदेव पालवास, उपासना सिंह व किसान नेत्री संतोष देशवाल ने कहा कि प्रदर्शन के दौन भारी बारिश से हुई जलभराव की निकासी, किसान-मजदूरों को फसल बर्बादी के लिए न्यायोचित मुआवजा 50 हजार रुपये प्रति एकड देने की मांग की।

### दवा विक्रेता संघ की पुरानी कार्यकारिणी ही मनोनीत

**भिवानी।** सन सिटी मॉल में स्थित जिला दवा विक्रेता संघ की आम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोहारु, तोशाम, बहल, सिवानी, बवानीखेड़ा, मुंढाल समेत जिला भर के संघ से सम्बंधित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को अगले सत्र के लिए कार्य हेतु पुनः मनोनीत किया गया। बैठक में शहर के चिकित्सक डॉ. नितेश गोयल, डॉ. मान सिंह समेत अनेक चिकित्सक उपस्थित थे।

### प्रत्येक शिकायत को अधिकारी गंभीरता से लें

**भिवानी।** नगराधीश अनिल कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करें। जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित हो रहे हैं। आम नागरिक इन समाधान शिविरों में अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान करवा सकते हैं।

### सिविल अस्पताल में 16 को लगेगा रक्तदान कैंप

**भिवानी।** रक्तदान शिविर न केवल जरूरतमंद मरीजों की सहायता करते है, बल्कि समाज में स्वस्थ एवं सहयोगपूर्ण माहौल को भी प्रोत्साहित करते है। रक्तदान शिविरों का महत्व उस समय और भी अधिक बढ़ जाता है, जब किसी जरूरतमंद को ब्लड की जरूरत होती है। आयोजक शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा व रक्तवीर मनीष वर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन 16 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा।

# 20 को ही मनेगी दीपावली, ग्रहों का होगा अद्भुत संयोग : पं. रामकिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶तोशाम

अबकी बार दीपावली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। तोशाम के दक्षिणमुखी संकटमोचन मेंहदीपुर बालाजी दरबार के प्रसिद्ध महंत पंडित रामकिशन महाराज के अनुसार, अबकी बार दीपावली के दिन ग्रहों का अद्भुत संयोग बन रहा है, जो इस त्योहार को और भी शुभ बनाएगा। जिससे इस विशेष संयोग में महालक्ष्मी पूजन करना अत्यंत फलदायी होगा और घर में सुख-समृद्धि आएगी। उन्होंने बताया कि यह दीपावली कई वर्षों बाद बन रहे विशेष संयोग के कारण महत्वपूर्ण है। उनका कहना था कि अबकी बार दीपावली की तिथि को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई थी लेकिन लोगों को किसी तरह के संशय में पड़ने की आवश्यकता नहीं है। ग्रहों के अद्भुत संयोग में कार्तिक अमावस्या यानी सोमवार 20 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी।

**पर्व**

- दीपावली पर कई वर्षों बाद बन रहे विशेष संयोग होंगे फलदायी
- आमतौर पर दीपावली की रात वृषभ लग्न होता है इसमें लक्ष्मी जी का पूजन विधि-विधान से करना चाहिए

## सोमवार को दोपहर बाद 3 बजकर 44 मिनट से प्रारंभ

### दीपावली को लेकर कोई संशय नहीं...

पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर सोमवार को दोपहर बाद 3 बजकर 44 मिनट से प्रारंभ होगी जोकि 21 अक्टूबर मंगलवार को दिन में 5 बजकर 54 मिनट तक रहेगी। इसलिए इस बार दीपावली का महापर्व 20 अक्टूबर यानी सोमवार को ही मनाया जाएगा।

### दीपावली पर ग्रहों का विशेष संयोग देगा शुभफल...

पंडित रामकिशन ने बताया कि अबकी बार दीपावली के दिन तीन ग्रहों का संयोग है। मंगल, सूर्य और बुध सभी आपस में मिलेंगे। इसका संयुक्त प्रभाव सभी राशि के लोगों के लिए शुभफल देने वाला माना जा रहा है। कार्तिक अमावस्या को दीपावली पूजन स्थिर लग्न में करने का विधान है। अधिकतर लोग स्थिर लग्न में ही महालक्ष्मी का पूजन करते हैं। अमावस्या की रात जो भी स्थिर लग्न में महालक्ष्मी की पूजा करते हैं उनके घर में मां लक्ष्मी की स्थिरता बनी रहती है। वैसे तो चार स्थिर लग्न हैं। पहला वृषभ, दूसरा सिंह, तीसरा वृश्चिक और चौथा कुम्भ स्थिर लगन है। पंडित रामकिशन महाराज का कहना था कि आमतौर पर दीपावली की रात वृषभ लग्न होता है। जिसमें सभी महालक्ष्मी की पूजा करते हैं। सिंह लग्न मध्य रात्रि में होता है जो अबकी बार रात्रि 1 बजकर 19 मिनट से 3 बजकर 33 मिनट के बीच होगा।



पंडित रामकिशन शर्मा।

- अमावस्या की रात जो भी स्थिर लग्न में महालक्ष्मी की पूजा करते हैं उनके घर में मां लक्ष्मी की स्थिरता बनी रहती है

### दीपावली पूजन मुहूर्त...

पंडित रामकिशन ने बताया कि इस वर्ष वैदिक पंचांग के अनुसार, दीपावली सोमवार, 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी क्योंकि 21 अक्टूबर को तीन प्रहर से अधिक अमावस्या और साढ़े तीन प्रहर से अधिक वृद्धि गामिनी प्रतिपदा होने के कारण नक्त व्रत पारण का काल जोकि लक्ष्मी पूजन का आवश्यक अंग है उस दिन उपलब्ध नहीं हो रहा जिसके कारण 20 अक्टूबर को ही दीपावली पर्व सर्वमान्य है। इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है।

### दीवाली से पहले मिल रहे हैं ये संकेत, तो समझिए मां लक्ष्मी आने वाली हैं....

पंडित रामकिशन ने कहा कि सभी घरों में दीवाली से पहले घर की साफ-सफाई जरूर की जाती है क्योंकि माना जाता है कि इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है। उन्होंने बताया कि ऐसे में अगर आपको दीवाली की सफाई करते समय घर में मोर पंख मिलता है, तो इसे भी एक शुभ संकेत के रूप में देखा जाता है। इसका अर्थ यह माना जाता है कि घर के सदस्यों पर माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा बरसने वाली है।

### दीपावली की रात करें ये खास पूजा, बरसेगी मां लक्ष्मी की कृपा...

पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि दीपावली की रात्रि खास पूजा करने से भक्तों का जीवन धन-धान्य और सुख समृद्धि से भर जाएगा। उनका कहना था कि दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं है बल्कि मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु और कुबेर की पूजा का अवसर भी है। उन्होंने बताया कि दीपावली की रात श्री यंत्र की पूजा करने से घर में धन, सौभाग्य और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है. सही विधि और मंत्र के साथ इसकी स्थापना करने से जीवन में सुख, समृद्धि और अवसरों के द्वार खुलते हैं।

## पुलिस ने सराय चौपटा, जैन चौक व बर्तन बाजार में लगाई मचान

# भीड़-भाड़ के चलते बाजार में फॉर व्हीलर व ई-रिक्शा की नो-एंट्री

*त्योहारी सीजन के दौरान शहर में वाहनों के प्रवेश से जाम के हालात पैदा न हों इसलिए पुलिस हुई सख्त*

राकेश भटठी ▶▶भिवानी

- व्यवस्था बनाने को पुलिस बाइक राइडर कर रहे गश्त, खरीददारी करने वालों को नहीं होगी परेशानी

त्योहारी सीजन एवं भीड़ को परेशानी से बचाने के लिए शहर थाना पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर हैं। खरीददारी के लिए बाजार में आने वाली भीड़ व दुकानदारों को जाम की स्थिति से निजात दिलाने को शहर थाना पुलिस ने बाजारों के एंट्री प्वाइंटों पर बैरिकेड्स लगाकर नौ नाके लगाए हैं, जिससे बाजार में ई-रिक्शा व फॉर व्हीलर की 'नो-एंट्री' हो गई हैं। वैसे तो सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक ई-रिक्शा की बाजार में 'नो-एंट्री'की गई हैं, फिर भी कोई इमरजेंसी स्थिति बुजुर्ग या बीमार को एंट्री में छूट दी गई हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशान न झेलनी पड़े। वहीं पुलिस राइडर भी बाजारों में व्यवस्था बनाने के लिए गश्त कर रहे हैं। इसके साथ ही शहर के सराय चौपटा, जैन चौक व बर्तन बाजार में तीन मचान बनाई गई हैं, जिस पर चढ़कर पुलिस के जवान दूरबीन से स्थिति पर निगरानी रखे हुए हैं।



**भिवानी।** सराय चौपटा में बैरिकेड्स लगाकर वाहनों को रोकते पुलिसकर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

### बाजार में व्यवस्था पुलिस कर रही गश्त

शहर के एंट्री प्वाइंटों पर लगाए गए नाकों पर पुलिस कर्मचारी तैनात हैं, वहीं पुलिस बाइक राइडर नियमित रूप से बाजार में गश्त कर रहे हैं, ताकि जाम की स्थिति न बने और व्यवस्था बनी रहे। शहर में लगाए गए नाकों पर पुलिसकर्मी पूरी तरह से मुस्तैदी से तैनात हैं, ताकि कोई अव्यवस्था न बनें। इसके साथ ही फॉर व्हीलर व ई-रिक्शा चालकों को प्यार से समझाया जा रहा हैं, ताकि वे सवारी को पहले से नाके तक बैठाकर लाने की बात कहकर ही लाए, जिससे नाके पर आकर झगड़ा न हो और कोई बेवजह आगे तक जाने की कोई जिद न करें।

उल्लेखनीय हैं कि शहर थाना पुलिस में अपने अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में जाम की स्थिति से निपटने व व्यवस्था बनाने के लिए बाजारों के एंट्री प्वाइंटों पर बैरिकेड्स लगाकर नाके लगा दिए हैं, जहां से फॉर व्हीलर व ई-रिक्शा की 'नो-एंट्री'की गई हैं, क्योंकि त्योहारी सीजन के चलते बाजारों में काफी भीड़ रहती हैं और ई-रिक्शा व फॉर व्हीलर बाजार में घुसने से अक्सर जाम की स्थिति बनती थी। इसी के चलते फॉर व्हीलर को पूर्णरुप से बंद किया गया हैं और ई-रिक्शा की सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक 'नो-एंट्री' की गई हैं, ताकि जाम की स्थिति न बनें और व्यवस्था भी बनी रहे। त्योहारी सीजन में अक्सर बाजारों में भीड़ ज्यादा होने तथा ई-रिक्शा व फॉर व्हीलर से जाम लगने से खरीददारों, दुकानदारों व राहगीरों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती थी। अब पुलिस की व्यवस्था के कारण शहर के सबसे व्यस्तम एवं भीड़वाले बाजार खुले-खुले नजर आ रहे हैं।

शहर थाना पुलिस ने सराय चौपटा, नया बाजार, घंटाघर चौक, जैन चौक, लोहड़ चौपटा, पुरानी अनाजमंडी हालु बाजार, दादरी गेट, वैश्य कॉलेज व दिनोद गेट चौक पर बैरिकेड्स लगाकर नाके लगाए गए हैं, जिन पर पुलिस के जवान तैनात हैं, जो फॉर व्हीलर व ई-रिक्शा को बाजार में घुसने नहीं देते और ई-रिक्शा व फॉर व्हीलर को नाकों से ही वापस लौटाया जा रहा हैं, जिससे बाजार में व्यवस्था बन रह सकें।

### व्यवस्था बनाने नियमों का पालन करना जरूरी

त्योहारी सीजन व भीड़-भाड़ को देखते हुए बाजार में फॉर व्हीलर की 'नो-एंट्री' की गई हैं। इसके साथ ही सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक ई-रिक्शा की भी बाजार में एंट्री बैन हैं, ताकि बेहतर व्यवस्था बन सकें। त्योहारी सीजन में बाजार के अंदर भारी संख्या में ई-रिक्शा घुस जाती हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती थी, अब इनकी 'नो-एंट्री' से बाजार खुले-खुले नजर आ रहे हैं।

### मचान बनाकर की जा रही निगरानी

*शहर थाना पुलिस ने अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सराय चौपटा, बिचला बाजार व जैन चौक में तीन मचानें बनाई हैं, जिन पर शिफ्तों में पुलिस कर्मचारी तैनात रहकर दूरबीन के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रख रहे हैं। बाजार में संदिग्ध व्यक्ति की पहचान होने पर उसकी हरकत को कैद किया जा रहा हैं और पुलिस अधिकारी को सूचना कर उसे काबू किया जाएगा।*



**लोहारू।** एडीजीपी आत्महत्या मामले की निष्पक्ष जांच को लेकर ज्ञापन देते विभिन्न संगठनों के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

## उच्च स्तरीय जांच को लेकर प्रदर्शन

# आईपीएस की मौत की जांच को सौंपा ज्ञापन

- घटना को लेकर प्रदेश व पूरे देश में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶लोहारू

विभिन्न समाज के लोगों ने आईपीएस वाई पूर्ण कुमार की मौत के मामले में उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग को लेकर सोमवार को एसडीएम कार्यालय के माध्यम से चंडीगढ़ के मुख्य प्रशासक के नाम ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में विजय गुरावा, एडवोकेट अशोक आर्य, भरतराम बॉक्सर, रामभगत सोलंकी, जगदीश वाल्मीकि, श्यामलाल दरोगा व उमराव सिंह किसान सभा कोषाध्यक्ष, सुरेश फरटिया, पृथ्वी सिंह पूर्व प्राचार्य, धर्मपाल गिगनाऊ,सहित सामाजिक संगठनों के लोगों ने बताया कि एडीजीपी वाई पूर्ण कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले की गहन एवं निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

### आत्महत्या की सीबीआई से जांच की मांग पर अड़े संगठन


घटना को लेकर प्रदेश व पूरे देश में भारी आक्रोश है। यह मामला न्याय व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह लगाने वाला है। एडीजीपी ईमानदार और निष्पक्ष व्यक्ति थे, ऐसे व्यक्ति का यूं चले जाने काफी चिंता का विषय है। उन्होंने मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में या सीबीआई द्वारा जांच की जाए, पीड़ित परिवार पर अनावश्यक दबाव बनाने की बजाय परिवार को उचित सुरक्षा प्रदान की जाए। मामले में संदिग्ध भूमिकावाले अधिकारियों व कर्मचारियों को जांच में शामिल किया जाए। उन्होंने मामले के दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की भी मांग की। इस मौके पर प्रभुराम, सतेंद्र बड़दू, सुभाष, रोहताश आर्य, सतबीर, सविल चोपड़ा, रविन्द्र ढिगावा, बाबूलाल गोठवाल, सतबीर दहिया, देशराज प्रधान रविदास महासभा, केशुराम, नन्दलाल गिगनाऊ, नरेंद्र खेड़ा, दलबीर चैहड़ आदि ने एसडीएम कार्यालय के सुपरीडेंट जयवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा।

# पानी की निकासी की मांग को सौंपा ज्ञापन

- बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास का ज्ञापन में मुख्य रूप से मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶बवानीखेड़ा

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, व किसान जन संघर्ष कमेटी बवानी खेड़ा ने बाढ़ व जल भराव से बचाव, पानी की निकासी और बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के बारे एक ज्ञापन तहसीलदार, बवानी खेड़ा को दिया। इस मौके पर किसान संगठन के जिला प्रधान रोहताश सिंह सैनी ने बताया कि अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण बवानी खेड़ा तहसील सहित भिवानी जिला के किसान-मजदूरों को भारी नुकसान हुआ है। बहुत सारे गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। खेत डूब गए हैं, घर ढह गए हैं या क्षति ग्रस्त हो गए हैं, जमीन कीचड़मय हो गई है और फसलें नष्ट हो गई हैं। सड़कें टूट गई हैं। लेकिन सरकार किसान-मजदूरों की कोई सुध नहीं ले रही है, जिससे उनमें काफी रोष व्याप्त है और वे भविष्य को लेकर चिंतित हैं। प्रदर्शन में कासिम चैहान, सुशील सिवाना, गुलाब सिंह बोहल, ओम प्रकाश, रामपाल बवानी, बहादुर अलखपुरा, जगबीर, सुरेश, विनोद, उम्मेद, संजय, संदीप आदि रहे।




**बवानीखेड़ा।** तहसील कार्यालय में एकजुट किसान। *फोटो : हरिभूमि*

**मिलेगी सुविधा** केवल दूसरे राज्यों से आने वाले बच्चों को ही लेनी होगी बोर्ड से अप्रूवल

# बोर्ड परीक्षा के आवेदन पत्र में अपार आईडी नहीं होगी अनिवार्य: कुंडू

*प्रतिनिधिमंडल शिक्षा बोर्ड चेयरमैन से मिला व ज्ञापन सौंपा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

प्राईवेट स्कूल संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के नेतृत्व में शिक्षा बोर्ड भिवानी में बोर्ड चेयरमैन डॉ पवन कुमार शर्मा से मिला। इसके साथ ही उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि संबद्धता फीस के साथ लगाए गए जीएसटी को वापिस लेने, अपार आई डी की अनिवार्यता को समाप्त करने, बोर्ड कक्षाओं में अन्य स्कूलों से आए हुए बच्चों के लिए बोर्ड से अप्रूवल न लेने, बच्चों के नाम सहित अन्य संशोधन कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी के काउंटर साइन की शर्त हटाने,जिन गांवों में 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा केंद्र हैं, उन गांवों में स्थित मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों का एग्जाम सेंटर भी उसी परीक्षा केंद्र में देने सहित विभिन्न मांगों को प्रमुखता के साथ उठाया गया।



**भिवानी।** मांगों को लेकर शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन को मांगपत्र सौंपते हुए।

### ये मानी शर्तें

बोर्ड चेयरमैन डॉ पवन कुमार शर्मा ने उक्त मांगों को बड़े ही ध्यान से समझा और मौके पर ही अधिकारियों को बुलाकर अपार आईडी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया और अपने राज्य के अन्य स्कूल से आए हुए बच्चों के लिए अप्रूवल की कोई जरूरत नहीं होगी केवल दूसरे राज्यों से आने बच्चों को ही बोर्ड से अप्रूवल लेनी होगी। उन्होंने संघ की मांग को जायज मानते हुए बच्चो के नाम में संशोधन कराने के लिए बीईओ के काउंटर साइन की शर्त को भी खत्म कर दिया तथा इसके साथ साथ बच्चो की प्रॉब्लम को देखते हुए जिन गांव में दसवीं व बारहवीं का परीक्षा केंद्र है तो मान्यता प्राप्त प्राईवेट स्कूलों का परीक्षा केंद्र भी उसी गांव में किया जाएगा और अन्य मांगो को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के अलावा प्रदेश सचिव प्रदीप पूनिया,प्रांतीय उप प्रधान प्रशान्त तंवर, जिला प्रधान भिवानी सतीश तंवर, जगदीश भैंरो, हांसी प्रधान संदीप सांपला,बीर सिंह, बास ब्लॉक प्रधान अशोक शर्मा, नरेश, बलबीर वर्मा, प्रदीप, सुरेंद्र, धर्मवीर, पंकज, अखिल, रामलाल, मुकेश, दलबीर, प्रवीण सहित अन्य स्कूल संचालक मौजूद थे।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
14 अक्टूबर 2025





दीपावली का पर्व हम सभी के घर में खुशहाली का उजास लेकर आता है। लेकिन इस पर्व की तैयारी में घर की महिलाएं प्रायः इतना उलझ जाती हैं कि अपनी खुशी, सुख और उत्साह को बिसार देती हैं। ऐसा ना करें, घर-परिवार के साथ खुद भी इस त्योहारी खुशी, उल्लास के हर पल में शामिल हों। यकीन मानिए, इससे आपकी दीपावली और जगमगा उठेगी।

# स्त्रियां भी जीएं सुख का उजास

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

उजास की चमक में स्वयं अपने भीतर झांकने का त्योहार है दीपावली। संबंधों में अनुभूतियों की रौनक भरने वाला जश्न है यह पर्व। यह उत्सव प्रेम-स्नेह के भाव को दरकने से बचाने वाली झिलमिलाहट भी साथ लेकर आता है, मन की कहने-सुनने से हर चेहरे पर एक दमक भी उतर आती है। कुल मिलाकर यह उत्सवीय आभा अपने भीतर भी एक जगमगाहट भरने का संदेश देती है। आंगन संवारती, दीवारें पोंछती, व्यंजनों की खुशबू फैलाती और अपनों की सज-धज का ध्यान रखती स्त्रियां, त्योहारी आपा-धापी में खुद को ही भूल जाती हैं। तो सुनो सहेली, दमकती-चमकती आंगन की रंगोली और रसोईघर से आती पकवानों की महक के बीच अपने मन की कांति को सहेजना ना भूलो।



## सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक

हर उत्सव पर मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में स्त्रियां अपने परिवार के आंगन में उजास भरती हैं। यह त्योहारी रौनक घर से लेकर गली तक हर ओर फैली होती है। साफ-सफाई और सजावट से झिलमिलाते घरों की कड़ियों को जोड़ने वाली स्त्रियां ही होती हैं। ऐसे में खुद की अनदेखी ना चाहते हुए भी हो जाती है। 'यह कर लूं', 'वह निपटा लूं' और 'घर के कोने-कोने को सजा लूं' के फेर में अपनी सज-धज तो रह ही जाती है। कभी-कभी तो इस भाग-दौड़ में मन नीरसता के धुंधलेपन से घिर जाता है। लेकिन सामानों की धूल झाड़ने में स्वयं की आभा फीकी ना होने दें। अब जबकि दीपावली आने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं तो अपनी खुद की की साज-सज्जा की तैयारियां करने पर भी ध्यान दें। दीपपर्व की उजास में आपकी सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक भी बिखरनी ही चाहिए।

## बना रहे उपस्थिति का आलोक

इस दीपावली यह सुनिश्चित करें कि आपकी उपस्थिति का आलोक भी हर ओर फैले। जब सब मेल-जोल में व्यस्त हैं। आपके अपने सब कुछ भूलकर त्योहार की खुशियों को जी रहे हैं तो आप क्यों काम में उलझी हैं? आसमान तक फैली झिलमिलाहट के बीच आप घर के भीतर क्या सहेजने में लगी हैं? आज भी बहुत सी स्त्रियों के लिए यह त्योहार तैयारियों की कभी ना खत्म होने वाली श्रंखला भर बनकर रह जाता है। ऐसे में झिलमिल दीपों से सजे चौखट-चौबारों के बीच आपका मन व्यस्तता के जाल में न उलझे। ध्यान रहे, दीपावली के त्योहार पर मां लक्ष्मी और माता सरस्वती के पूजन का विधान है। अपने संवेदनशील हृदय में भरी ज्ञान रूपी समझ से सुखद मेलजोल जीएं। गृहलक्ष्मी के रूप में आलोकित अपने व्यक्तित्व को जिम्मेदारियां निभाने तक न समेटें। परिवार, घर-द्वार को संभालने के साथ-साथ दीपावली के दीयों की टिमटिमाती मुस्कान के बीच आपकी उपस्थिति की चमक भी जरूरी है।



## साझेपन की दमक जरूरी

आप होम मेकर हों या वर्किंग वुमेन, त्योहार की तैयारी में सबका साथ लीजिए। परिवार को उत्सव मनाने में ही नहीं उत्सवीय तैयारियों में भी साथ रखिए। त्योहार के दिन आस-पड़ोस या मित्रों-सगे-संबंधियों के यहां सबके साथ आप भी मिलने जाइए। याद रहे, आपसी मेल-जोल और रिश्तों की रौनक से जुड़ा दीपावली का पर्व खुद को पीछे रखने के बजाय सहज रूप मन की ऊर्जा जुटा लेने का उत्सव है। इसके लिए स्त्रियां अपनों की सहायता लेने में संकोच ना करें। अपने जीवन में साझेपन की चमक भरने का प्रयास करें, ताकि यह जज्बाती दमक जिम्मेदारियों के मोर्चे पर भी दिखे। इतना भर करने से सबकी इच्छाओं और खुशियों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए भी समय निकाल सकेंगी। घर के आंगन में ही नहीं, अंतर्मन में भी इस त्योहार की जगमग को महसूस करेंगी। a

### अपनों की अहम भूमिका

**गृहलक्ष्मी की** भाग-दौड़ को समझने का प्रयास अपनों को भी करना चाहिए। झिलमिलाते घर-आंगन में हंसते-मुस्कुराते हुए सब कुछ संभालने वाली परिवार की महिलाओं को बच्चे, बुजुर्ग और जीवनसाथी सभी सहयोग करें। उनको मन से सम्मान दें। याद दिलाएं कि पहनने के लिए उनकी पसंद के पारंपरिक परिधानों की तैयारी भी उन्हें ही करनी है। मिठाइयों की सूची थोड़ी छोटी रही तो भी चलेगा। 'बहू तुम भी सबके साथ बैठो' भर कहकर बुजुर्ग कई दिनों की भाग-दौड़ से फीके पड़े चेहरे की चमक लौटा सकते हैं। 'मम्मा हमारे साथ-साथ आप भी अच्छे से तैयार हो जाओ ना!' जैसे शब्द दीपावली की तैयारियों में जुटी मां को मुस्कुराहट की चमक दे सकता है। 'गृहलक्ष्मी की सज-धज बिना कैसा त्योहार' कहने वाले जीवनसाथी की अनुभूतियों से मिली आभा मन को नई दमक दे जाती है। अपनों का यह साथ-स्नेह घर की महिलाओं के लिए इस पर्व की रौनक और बढ़ा देगा। असल में बड़ों-छोटों की यह ज्योतिर्मय सोच स्त्रियों को कई उलझनों से बचा लेती है। दीपावली का त्योहार एक-दूजे के साथ खुशियां बांटने की परंपरा है। उत्सव के वास्तविक मायने तो तभी हैं, जब घर का हर सदस्य इस रीत की रौनक को जीए।




सुख-शांति-समृद्धि के लिए दीपावली से पहले

# घर से निकालें नकारात्मक ऊर्जा

हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख, शांति बनी रहे और समृद्धि आए। इसके लिए दीपावली एक अच्छा अवसर है। आप वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ बातों को ध्यान रखकर अपने घर में सुख, शांति के साथ समृद्धि ला सकती हैं।

वास्तु

निकिता चौहान



जब दीपावली जैसा बड़ा पर्व आता है, परिवार में उत्सवी माहौल हो जाता है, मन उमंग-तरंग से भर उठता है। लेकिन दीपावली की खुशियों में कोई बाधा ना आए, त्योहार खुशी के साथ मनाया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को निकालें। भारतीय वैदिक वास्तु हमारे पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा है, जो हमें अपने घर और कार्यस्थल पर पांच मूल प्राकृतिक तत्वों के सामंजस्य से एक सुगमता स्थापित करने में सहायता करता है। वैदिक वास्तु इन पंच तत्वों को उनकी दिशा के अनुसार घर में संयोजित करने की सलाह देता है। दीपावली में हमें वैदिक वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी और हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, घर में सुख- शांति रहेगी, समृद्धि भी आएगी। ये विशेष उपाय कौन से हैं, जानें-

**घर के केंद्र को साफ रखें:** दीपावली में सर्वप्रथम अपने घर के केंद्र, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, को साफ-सुथरा बनाएं। वहां बहुत ज्यादा सामान ना हो। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह सही और सुचारु ढंग से होगा।



**मिट्टी का दीपक जलाएं:** मिट्टी के दीये में गाय के घी से दीपक प्रज्वलित करें। गाय के घी को शुभ और पवित्र ऊर्जा का कारक माना जाता है। इसके अलावा तिल के तेल से दिया प्रज्वलित करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव को समाप्त किया जा सकता है। घी, तिल, अरंडी, महुआ और नीम के तेल को मिलाकर प्रज्वलित दीपक पंचदीपम कहलाता है। इससे घर में समृद्धि, परिवार में स्नेह बना रहता है, रोग का नाश होता है। नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव की समाप्ति होती है, साथ ही वंश वृद्धि होती है।

**चमकीले रंग का उपयोग करें:** दीपावली में हमेशा चमकीले रंग का उपयोग करना चाहिए। दीपावली से पहले या बाद में पेंटिंग और साज-सज्जा करें। इसके अलावा दीपावली में आपको अपने घर या कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास खास साफ-सफाई करना चाहिए।

**पोंछे में समुद्री नमक डालें:** घर में पोंछा लगाते समय पानी में थोड़ा समुद्री नमक मिला दें फिर पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने में मदद मिलेगी।

**नया दर्पण लगाएं:** घर में नया दर्पण लगाएं ताकि लाइट ज्यादा चमके और सकारात्मक वातावरण बने। दीपावली के अवसर पर अपने घर के द्वार पर पौधों वाला गमला रखें। पौधा एक तरह से जीवन का प्रतीक होता है, इसलिए आपके घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रहता है।

**मंत्र जाप करें:** दीपावली के दिन खासकर घर में धार्मिक मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऑडियो को मधुर आवाज में लगाएं। इससे अपने घर में भरपूर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगी। परिवार में सब स्वस्थ रहेंगे। प्रेम-स्नेह भी बना रहेगा। a

**(वास्तु-ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह से बातचीत पर आधारित)**

दीपावली जैसा बड़ा पर्व हो तो इसकी भव्य तैयारी जरूरी हो जाती है। यह तैयारी वर्किंग वूमेन के लिए एक बड़े टास्क जैसी होती है, क्योंकि उसे ऑफिस के कामों के साथ, घर में भी त्योहार की तैयारी करनी होती है। इस दोहरी जिम्मेदारी के बीच वर्किंग वूमेन कैसे बैलेंस बैठाएं, जानिए।

टाइम मैनेजमेंट के साथ करें फेस्टिवल की तैयारी

# फैमिली से लें हेल्प-करें फुल एंज्वॉय

वर्किंग वूमेन

अलका सोनी

दीपावली का पर्व सिर्फ लक्ष्मी पूजन, पटाखे और मिठाइयों तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी चमक-दमक के पीछे महीनों की तैयारी छिपी होती है। घर के हरेक कोने की झाड़-पोंछ, सजावट, नए कपड़े, पकवान और रिश्तेदारों की आवभगत, इन सबका बोझ ज्यादातर महिलाओं के कंधों पर रहता है। महिला अगर काम-काजी है, तो दीपावली की तैयारी करना उसके लिए आसान नहीं होता, काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन सही ढंग से मैनेज किया जाए तो मुश्किलें आसान हो सकती हैं। इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत गुंजन सिंह कहती हैं, 'वर्किंग होने के साथ त्योहारों की तैयारी थोड़ी मुश्किल हो जाती है, लेकिन टाइम मैनेजमेंट से त्योहार को पूरी तरह एंज्वॉय करने का मौका मिल सकता है। मैं दिवाली के बीस दिन पहले से थोड़ी-थोड़ी तैयारी करने लगती हूं। इससे एकसाथ मुझ पर काम का बोझ नहीं पड़ता। दिवाली का सामान उसकी प्राथमिकता के हिसाब से लाती जाती हूं, एक लिस्ट बना लेती हूं, फिर ऑफिस से आते वक्त इन्हें लाती रहती हूं।'



**महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारी:** भारतीय परिवारों में त्योहार की तैयारी का काम पीढ़ियों से महिलाओं की जिम्मेदारी ही माना गया है। दादी-नानी के समय में यह काम सहज रूप से घरेलू जीवन का हिस्सा था। तब अधिकतर महिलाएं गृहिणी थीं, इसलिए पूरा ध्यान घर के सभी कामों को करने और मेहमानों की देखभाल में बीतता था, लेकिन बदलते समय के साथ महिलाएं शिक्षा और नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं। ऐसे में उन पर जिम्मेदारियों का भार दोगुना हो गया है।


**टाइम मैनेजमेंट का प्रेशर:** ऑफिस की डेडलाइन और त्योहार की डेडलाइन, दोनों को साथ लेकर चलना एक आर्ट है। हर महिला इसे अपने तरीके से सीखती है। ऑफिस के कामों के साथ घर में भी त्योहारों की रौनक कायम रखने पर ध्यान दिया जाए तो दोनों के बीच अच्छा संतुलन बनाया जा सकता है। बस उन्हें अपने परिजनों की थोड़ी मदद की दरकार होती है।

**हो स्मार्ट प्लानिंग:** वर्किंग वूमेन के पास समय की कमी होती है। इसलिए समय बचाने और सारा काम पूरा करने के लिए ये महिलाएं 'टू-डू लिस्ट' और कैलेंडर बनाकर हफ्तों पहले तैयारी शुरू कर देती हैं। एक दिन सफाई, दूसरे दिन बाजार, तीसरे दिन उपहारों की पैकिंग। इस तरह काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करने से काम आसानी से हो जाते हैं। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग, एप-बेस्ड क्लीनिंग सर्विस, तैयार मिठाइयों की होम-डिलीवरी जैसी सुविधाएं आज त्योहारों की तैयारी को आसान बना रही हैं। आज की महिलाएं यह समझती हैं कि दिवाली का मतलब तनाव नहीं, खुशी है। इसलिए वे ऑफिस से छुट्टियां पहले से प्लान कर लेती हैं। a

### जरूरी है परिवार की भागीदारी



जीवन में हम परिवार की अहमियत को अनदेखा नहीं कर सकते। परिवार को मानव की प्रथम पाठशाला भी कहा जाता है। यानी कि पीढ़ियां अपने परिवार से ही सीखती रही हैं। अतः यह समझने की जरूरत है कि घरेलू कार्यों के लिए सिर्फ महिलाएं ही जिम्मेदार नहीं हैं, घर के पुरुषों और बच्चों को भी त्योहार की तैयारियों में हाथ बंटाना चाहिए। इससे सारे काम आसानी से संपन्न हो जाएंगे।



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# प्रदूषण से बालों को ऐसे बचाएं

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए:** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग:** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हेयर मास्क को आप हर हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** पचास-साठ की उम्र से पहले सफेद हुए बालों की समस्या से बहुत सी युवा और मिडएज की महिलाएं परेशान रहती हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भी मुलेठी पावडर का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। इसके लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम कर सकती है। इसके लिए, दही और मुलेठी पावडर का पेस्ट भी काफी फायदेमंद साबित होता है। a

डेकोरेशन

श्रुति आयंगर

दीपावली के अवसर पर हर कोई चाहता है कि उसका घर-आंगन सबसे खूबसूरत दिखे। आप भी अपने घर को आकर्षक दिखाने के लिए तैयारियों में जुटी होंगी। हम यहां आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आपका घर ऐसा दमक उठेगा कि सब तारीफ करेंगे।

# खूबसूरत-आकर्षक दिखेगा आपका आशियाना



दिवाली सिर्फ रोशनी करने, आतिशबाजी करने, तरह-तरह के व्यंजन खाने-खिलाने का त्योहार नहीं है। इस अवसर पर घर के हर कोने को सजाया भी जाता है। हम आपको घर डेकोरेट करने के कुछ आसान लेकिन अट्रैक्टिव लुक देने वाले तरीके बता रहे हैं।

**एंटीक-हैंडीक्राफ्ट आइटम्स:** ब्रास, कॉपर, सिल्वर टोन के शोपीसेस और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स घर को रॉयल लुक देते हैं। छोटे-छोटे लैंप्स, हैंड पेंटेड ट्रे, मूर्तियां, ब्रास या कॉपर के वास, लंबे दीया स्टैंड, टेराकोटा आर्ट पीस, वुडेन क्राफ्ट, क्ले पॉट्स, मेटल वॉल हैंगिंग, पेंटेड बॉटल्स, झूमर, घंटियां और पीतल के शोपीस ये सभी घर को फेस्टिव टच देते हैं। इन्हें कॉर्नर टेबल, विंडो साइड टेबल या घर के एंट्रेंस पर साइड टेबल पर रखें तो और भी अच्छा दिखेगा।



**थीम बेस्ड डेकोरेशन:** हाल के सालों में दीपावली पर थीम बेस्ड डेकोरेशन का क्रेज भी काफी बढ़ा है। आप चाहें तो गोल्डेन थीम फॉलो कर अपने घर को रॉयल-क्लासी टच दे सकती हैं। पेस्टल थीम से घर को सॉफ्ट और ट्रेंडी लुक मिलेगा। इस ऑकेजन के लिए ट्रेडिशनल रेड-ग्रीन डेकोरेशन को भी शुभ माना जाता है। अगर आप कुछ डिफरेंट डेकोरेशन चाहती हैं तो मल्टीकलर या कोई ट्रेडिशनल थीम भी अपना सकती हैं। जो थीम आप सेलेक्ट करें उसी के अनुसार पर्दे, टेबल कवर, रनर और डेकोरेटिव आइटम्स का भी चुनाव करें।

**रि-स्टाइल करें फर्नीचर:** जरूरी नहीं कि दीपावली पर नए फर्नीचर ही खरीदे जाएं। इसकी बजाय पुराने फर्नीचर को रि-स्टाइल भी करवा सकती हैं। सोफा या चेयर को दीवार के किनारे से हटाकर सर्कल या स्क्वेयर में अरेंज कर सकती हैं। पुराने सोफे का बेस और बैक कुशन बदलें।

**लाइटिंग हो खास:** दीपावली के मौके पर हैंडमेड बाती लैंप, शेड लाइट और शैडो लाइट्स काफी पसंद की जाती हैं। ये पीसेस घर को रोशन करने के साथ-साथ स्टाइलिश और पर्सनल टच भी देती हैं। ड्राइंग रूम में डेकोरेटिव लैंप, हैंगिंग लालटेन और वॉल लैंप्स लगाकर घर को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इंडोर प्लांट्स के आस-पास छोटे रंगीन बल्बों वाली लाइट्स लगा सकती हैं। बालकनी और लॉन के लिए फेयरी लाइट्स, स्टार प्रोजेक्टर, एलईडी स्ट्रिप और लालटेन का उपयोग करना अलग टच देगा। पूरे आंगन को जगमगाने के लिए एलईडी और सोलर लाइट्स सबसे स्मार्ट ऑप्शन हैं।



**शीशे से करें सजावट:** गोल या चौकोर आकार के छोटे शीशों के टुकड़ों को लंबी, पतली रंगीन पट्टी पर चिपकाकर दीवारों पर सजाया जा सकता है। दरवाजे पर शीशों का तोरण भी बहुत खूबसूरत लगता है।

**फूलों से सजाएं घर:** गेंदे के नकली फूलों की लड़ी, जिसमें छोटी घंटियां लगी हों, सीढ़ी की रेलिंग पर लटका सकती हैं। आप असली फूल भी लगा सकती हैं। a

**(इंटीरियर एक्सपर्ट अनामिका शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

# जिलाध्यक्ष व विधायक ने प्रधानमंत्री की सोनीपत रैली के दिया निमंत्रण


भिवानी। ओड धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी की बैठक में मंच पर मौजूद जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक, विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित ओड धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री, मार्किट कमेटी प्रधान राजेन्द्र उर्फ राजू हंस, नपा उपप्रधान बजरंग तवंर संग जगदंबा महता, लखू सरदार, विनित तवंर, मास्टर राजेश, राकेश कुमार, मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा, कर्ण शर्मा, सोनू शर्मा, आशु तवंर, अशोक, मिंटू सैनी आदि ने पहुंचकर अपनी अहम भूमिका अदा की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने की जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साह और जोश देखने को मिला। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को नीतियों के बारे में मार्गदर्शन किया और बैठक में आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव के बारे में गहनता से बताया। बैठक का मुख्य केंद्र 17 अक्तूबर को सोनीपत में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली रही।

■ मंडल अध्यक्षों के जिम्मे लगाई 50 बसों की जिम्मेदारियां

## रैली को ऐतिहासिक बनाने पर दिया जोर

जिला अध्यक्ष कौशिक ने कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक रैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जो हरियाणा में भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है और प्रधानमंदी करोड़ों की सौगात दे सकते हैं। वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि ने मंडल अध्यक्षों की 50 बसों की जिम्मेदारियां बनाई और बताया कि बूथ स्तर तक संपर्क साधा जाए ताकि प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के मार्गदर्शन और विजन को सुनने का अवसर हर नागरिक को मिल सके। वहीं उन्होंने बताया कि ये रैली न केवल पार्टी की बल्कि शक्ति प्रदर्शन करेगी।

## खबर संक्षेप



### शिकायतों का यथासंभव करें निपटाराः सिटीएम

**चरखी दादरी।** अधिकारी समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र उचित निपटारा करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में एक ही छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। नगराधीश प्रीति रावत ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में लोगों की जनसमस्याओं की सुनवाई की। सिटीएम रावत ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन



### स्वयंसेविकाओं ने किया योग एवं प्राणायाम

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। शिविर की शुरुआत प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनुबाला एवं डॉ. मंजू के नेतृत्व में उत्साह के साथ की। शिविर का आरंभ में सभी स्वयंसेविकाओं ने मिलकर खुले वातावरण में योग एवं प्राणायाम के किया। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्त भारत पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई। और प्रो. सीमा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### लघु सचिवालय में मॉक ड्रिल का आयोजन

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन जिला सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार एवं जिला मुख्य दंडाधिकारी संजीव काजला के दिशा निर्देशानुसार प्रशासन व जिला पुलिस के मार्गदर्शन में पेनल अधिवक्ता सोमबीर संगवान, अधिकार रक्षक रोहतास शर्मा के नेतृत्व में लघु सचिवालय में मॉक ड्रिल अभ्यास किया।अग्नि दमकल विभाग, पुलिस प्रशासन विभाग, सामान्य नागरिक अस्पताल टीम, जिला रेडक्रॉस सोसाईटी, एवं प्रशासनिक विभागों द्वारा मॉक ड्रिल की गई अचानक भूकंप आने पर किस तरह से हम नागरिकों की स्वयंसेवक बनाकर के सेवा कर सके।

# सीनियर सिटीजन क्लब में बुजुर्ग लगाएंगे ठहाके,मरम्मत का कार्य पूरा


## जर्जर भवन का सौंदर्यीकरण करवाने पर सीनियर सिटीजन ने जताया आभार

पार्षद संदीप यादव के प्रयासों ने नगरपरिषद ने 27 लाख रुपये से करवाया कल्ब का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कहते है कि मन की मुराद पूरी हो जाए तो बच्चा व बुजुर्ग दिल से दुआ देते है। चूंकि बच्चा व बुजुर्ग ज्यादातर उन चीजों में रुचि रखते है। जिनमें उनका ज्यादा समय बीतता हो। ऐसा ही शहर के सेक्टर-13 स्थित सिनियर सिटीजन क्लब का रहा। विगत में क्लब जर्जर हालत में था और उस वक्त बुजुर्गो ने नगर परिषद के पार्षद संदीप यादव के माध्यम से विधायक घनश्याम सर्राफ से क्लब के भवन के नवीनीकरण की गुजारिश की थी।

उनकी गुजारिश के बाद दोनों जनप्रतिनिधियों ने करोड़ों रुपये की लागत से क्लब के भवन के नवीनीकरण, अंदर पार्किंग निर्माण एवं आगे की सड़क के निर्माण कार्य पूरा करवा दिया। क्लब के भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बुजुर्गो ने आज एकत्रित होकर विधायक घनश्याम सर्राफ व नप पार्षद संदीप यादव का आभार जताया। पार्षद संदीप यादव के प्रयासों ने नगरपरिषद ने 27 लाख रुपये तथा विधायक घनश्याम सर्राफ ने अपने कोटे से दस लाख रुपये की राशि खर्च करवाकर सीनियर सिटीजन की कायाकल्प करवाई है।


भिवानी। पार्षद संदीप यादव को सम्मानित करते बुजुर्ग। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर क्लब परिसर में एक स्नेहपूर्ण वातावरण में सभी सदस्य एकत्र हुए। कार्यक्रम में ओमप्रकाश पोपली, राम अवतार मेहंदिया, सत्यवान हसान, राजेन्द्र दहिया, कै. राममेहर जांगड़ा, जयभगवान शर्मा, रामधन जांगड़ा, सुरजभान मलिक, महासिंह शास्त्री,फूल सिंह धनाना सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने भविष्य में भी दिया हर संभव मदद का भरोसा

उल्लेखनीय है कि नगर पार्षद संदीप यादव ने अपने अथक प्रयासों, समर्पण और जनसेवा की भावना से पूर्ण करवा दिया है। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए क्लब परिसर के नवीनीकरण, साफ-सफाई, नई पार्किंग सुविधा और क्लब के आगे की सड़क के निर्माण को सुनिश्चित किया, जिससे अब वरिष्ठ नागरिकों के लिए क्लब परिसर में प्रवेश और वाहन पार्किंग की समस्या पूरी तरह समाप्त हो गई है। विधायक घनश्याम सर्राफ का भी विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा, जिनकी संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह कार्य शीघ्रता से पूर्ण हो सका। श्री सर्राफ ने सदैव बुजुर्ग नागरिकों के सम्मान और उनकी सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व पार्षद संदीप यादव ने बताया कि उक्त सीनियर सिटीजन क्लब के लिए भविष्य में जरूरत के हिसाब से विकास कार्यो के लिए मदद के लिए प्रयासरत रहेंगे।

भाजपा वोट के अधिकार को खत्म करने पर तुली : पूर्वमंत्री

# वोट चोरी कर भाजपा ने सत्ता हासिल की : नरेंद्र


भिवानी। शहर में विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को दादरी में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत जिला प्रधान सुशील धानक की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व जितेंद्र बघेल ने विशेष रूप से शिरकत की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि अभियान केवल राजनीतिक गतिविधि नहीं, बल्कि जनता की आवाज है, जो सरकार की असफलताओं और लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ उठ रही है।

### देश की जनता त्रस्त

उन्होंने कहा कि आज कमजोर तंत्र से देश की जनता त्रस्त है, ऐसे लोगों की तुरंत गद्दी छोड़ देनी चाहिए, जो वोट चोरी कर सत्ता में बैठे हैं। प्रदेश कांग्रेस के सहप्रभारी जितेंद्र बघेल ने कहा कि भाजपा ने प्रजातंत्र को खत्म करने का प्रयास किया है। कानून व्यवस्था का जनाजा निकल गया है। इस भ्रष्ट तंत्र को खत्म करने के लिए अब सड़कों पर आने की जरूरत पड़ी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुशील धानक, पूर्व विधायक गणपतराय, पूर्व विधायक सोमबीर श्योराण, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जयभगवान मांडी, महिला सेवादल अध्यक्ष मंजू देवी, पूर्व एमसी वीरेंद्र पप्पू, एमसी वीरेंद्र चरखी, एमसी सुधीर स्वामी आदि रहे।

# अधिकारी अपने-अपने विभागों की जिम्मेवारी समझें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि 17 अक्टूबर को नव निर्मित पंडित नेकीराम शर्मा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन की तैयारियों के चलते अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित सौंपी गई जिम्मेवारी ईमानदारी व निष्ठा से समय रहते पूरी करें। उद्घाटन के दौरान किसी भी नागरिक को कोई समस्या नही आनी चाहिए और कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कोई भी कोताही नहीं बरती जाए। डीसी श्री गुप्ता लघु सचिवालय स्थित वीसी हॉल में 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पंडित नेकीराम शर्मा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं के लाभ पात्रों से व्यक्तिगत तौर पर संपर्क कर कार्यक्रम की जानकारी दी जाए। लाभपात्रों को बैठने की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि सोनीपत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से भिवानी में नवनिर्मित पंडित नेकीराम शर्मा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की विधिवत रूप से सौगात देंगे।

### इस दौरान ये रहे मौजूद

इस दौरान डीसी ने एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एसडीएम तोशाम रवि मीणा, जिला परिषद सीईओ अजय चोपड़ा, एसडीएम भिवानी महेश कुमार, सिवानी एसडीएम विजया मलिक, डीएमसी गुलजार मलिक, मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. धीरज परिहार और डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. राजेश कुमार, उप सिविल सर्जन डॉ. सुनील कुमार, डीटीओ मनोज कुमार, जीएम रोडवेज दीपक कुंडु, बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता विनोद पुनिया, जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील रंगा, डीआईओ अमित लांबा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### डीसी ने दिए ये निर्देश

डीसी ने उद्घाटन समारोह के लिए लगाए जाने वाले पंडाल को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बैरीगेटिंग और महिलाओं व पुरुषों के बैठने के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से डीसी ने नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी को घास की कटाई व सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए ताकि पंडाल लगाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। उन्होंने कहा कि समारोह में शामिल होने वाले लोगों के लिए उचित वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाए, ताकि वाहनों से जाम की स्थिति ना बने।

# विद्यार्थियों को सिखाई जा रही जीवन बचाने की तकनीक

हर नागरिक को सीखनी चाहिए जीवनरक्षक सीपीआर तकनीकः सचिव प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेंट जॉन एंबुलेंस हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सोमवार से सीपीआर अवेयरनेस वीक की शुरुआत की, ये पांच दिवसीय अभियान 17 तक चलेगा। सप्ताह के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन की विधि की जानकारी जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार की टीम में द्वारा दिया जा रहा।



भिवानी। विद्यार्थियों को फर्स्ट एड की जानकारी देते रैडक्रॉस प्रवक्ता।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

*उन्होंने कहा कि रैडक्रॉस का उद्देश्य हर नागरिक को सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीक से सशक्त बनाना है, ताकि आपात स्थिति में वे तुरंत प्रतिक्रिया देकर किसी की जान बचा सकें। उन्होंने बताया कि यह पहल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार) के राष्ट्रव्यापी अभियान सीपीआर लाईफ-2025 का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत 13 से 17 अक्तूबर तक देशभर में जागरूकता कार्यक्रम चल रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य अदम्यवीर, डॉ. वेदप्रकाश, डॉ. मुकेश यादव, डॉ. रचना शर्मा, अमित कुमार, मनोज, मनीष कुमार, विमल, पवन, गौरव, बीरसिंह, सीता रानी, विजेन्द्र कुमार, अनिल आदि उपस्थित रहे।*

# आर्य स्कूल में हुई पीटीएम में विद्यार्थियों के भविष्य पर विस्तार से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया, जिसमें बच्चों के भविष्य को उज्वल बनाने का एजेंडा तैयार किया। अभिभावकों व अध्यापकों ने मिलकर बच्चों के करियर को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाई। बैठक के शुभारंभ पर प्राचार्य डॉ. परमेंद्र चित्तौड़िया, संस्था अध्यक्ष अशोक शर्मा, सचिव सुरेंद्र सांगवान एवं अभिभावकों ने मिलकर मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य डॉ. परमेंद्र चित्तौड़िया ने कहा कि हर तिमाही में अध्यापक व अभिभावकों का मिलना बच्चों की नींव को मजबूत करने के लिए जरूरी है। समय अनुसार अभिभावक अपने बच्चों के स्वभाव ,आदतों व उनके व्यवहार में हो रहे परिवर्तन की जानकारी अध्यापकों व प्रबंधक समिति को देते हैं।


भिवानी। बैठक में बच्चों की रिपोर्ट लेते अभिभावक।

# शहीद स्मारक में युवाओं के लिए बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

भूतपूर्व सैनिक कष्ट निवारण समिति की बैठक में लिया गया फैसला

भूतपूर्व सैनिक कष्ट निवारण समिति की बैठक में कस्बे में बन रहे शहीद स्मारक के निर्माण कार्यों के बारे में चर्चा की गई। बैठक में समिति सदस्यों के युवाओं को शिक्षा में सहयोग करने के लिए आए सुझाव पर शहीद स्मारक में एक डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के लिए सहमति बनी। सदस्यों ने कहा कि बहल जैसे कस्बे में डिजिटल लाइब्रेरी बनने से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुगमता होगी। सोमवार को सेठ पूरणमल मार्केट में आयोजित समिति की बैठक की अध्यक्षता कर्नल ब्रह्मसिंह बिधनोई ने की। बैठक में सदस्यों को शहीद स्मारक के लिए मिली सहयोग राशि और निर्माण कार्य की प्रगति स्थिति के बारे में बताया गया। सदस्यों को बताया गया कि शहीद स्मारक के लिए बनाए गए प्रारंभिक प्रारूप के अनुसार करीब आधा निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और बाकी काम प्रगति पर है, जिसके शीघ्र पूरा होने की उम्मीद है। निर्माण के लिए आवश्यक सहयोग राशि के लिए समिति सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गई व उनसे कहा गया कि वो इस काम को जल्दी पूरा करें।


बहल। कस्बे में भूतपूर्व सैनिक कष्ट निवारण समिति की बैठक में मौजूद पूर्व सैनिक।

### छात्रों के भविष्य पर जोर

समिति सदस्यों ने सुझाव दिया कि बहल कस्बे में युवाओं के लिए किसी स्थायी निशुल्क लाइब्रेरी की व्यवस्था नहीं है। इस पर सभी सदस्यों ने एक मत से इस विचार को सही माना और कहा कि यह व्यवस्था युवाओं को शिक्षित करने में मदद करेगी और वे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी कर सकेंगे। सदस्यों ने कहा कि शहीद स्मारक विस्तार में इसे प्रमुखता से रखा गया और स्मारक के निर्माण के बाद एक डिजिटल लाइब्रेरी बनाए जाने पर सहमति बनी।इस अवसर पर कर्नल ब्रहम्सिंह, कैप्टन महाबीर, सूबेदार रामकरण, सूबेदार मांगेराम, सूबेदार मेजर सतबीर, हवलदार सतबीर, रोहताश, रामफल, नायक जगबीर, सज्जन फौजी बिधनोई सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# प्रमुख समाजसेवी स्व. अनिल मन्नू संघई की याद में लगाए गए हेल्थ व रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कदम हॉस्पिटल में स्व. अनिल मन्नू संघई की याद में कदम हॉस्पिटल एवं संघई हेल्थ केयर द्वारा एक निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक घनश्याम सर्राफ व चेयरमैन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने दीप प्रज्वलित कर किया है। कदम हॉस्पिटल के निदेशक मिक्की संघई ने बताया की कैंप में 382 मरीजों की मुफ्त ओपीडी की गई एवं 8 लोगों की मैमोग्राफी स्क्रीनिंग टेस्ट तथा लगभग 35 लोगों का कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट किया गया।



### ये रहे मौजूद

*उन्होंने बताया कि स्व. अनिल मन्नू संघई प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति थे जो कदम अस्पताल के संस्थापक सदस्य भी रहे जिनका 01 जून 2024 को स्वर्गवास हो गया था। उन्हीं के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह कैंप आयोजित किया गया है। इस अवसर पर डॉ.पी के आनंद, डॉ. एस एस धनखड़, डॉ. साधना आनंद, डॉ. तेजवीर ग्रेवाल, डॉ. नरेश , डॉ. सीमा, डॉ. शशी, डॉ. संदीप ढाका, डॉ. नरोत्तम, डॉ. दिव्याशा आदि ने अपनी सेवाएं दी। कैंप में शहर के अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी हिस्सा लिया।*

## हर 43 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या कर गवां रहा अपनी जान, युवाओं की संख्या ज्यादाः लोकेश

# 'अनसुसाइड मैं जिंदा हूं' किताब के कवर का विमोचन, युवाओं के स्पोर्ट सिस्टम पर जोर

युवाओं की शिक्षा व शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरतः मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार को भिवानी में महत्वपूर्ण साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया, जो उन अनसुनी आवाजों को समर्पित था, जो मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या की वास्तविकता से जूझ रही हैं। स्टैंड विद नेचर संस्था के संस्थापक लोकेश भिवानी और सह-लेखिका दीक्षा सुमन द्वारा लिखी पुस्तक अनसुसाइड निहत्थे योद्धाओं की कहानी के कवर का विमोचन किया, जिसने समाज में सपोर्ट सिस्टम मूवमेंट शुरू करने की दिशा में बड़ा कदम रखा है। विमोचन कार्यक्रम निजी रेस्तरां में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर आर्य करियर इंस्टीट्यूट ढिगावा मंडी के निदेशक वजीर मान पहुंचे। स्टैंड विद नेचर संस्था के संस्थापक लोकेश भिवानी व इंस्टीट्यूट के निदेशक वजीर मान ने पत्रकार वार्ता में पुस्तक के बारे जानकारी दी। उन्होंने संकल्प लिया कि अगर हर व्यक्ति पांच लोगों का भावनात्मक सहारा बन जाए, तो हजारों जानें बचाई जा सकती हैं। सहलेखिका दीक्षा सुमन ने कहा कि वे हजारों कहानियों से गुजरी है और हर कहानी में एक ऐसी चुप्पी थी जो चीख बनना चाहती थी। उन्होंने जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य पर बात करना शर्म की नहीं, हिम्मत की बात है और उनकी इच्छा है कि ये किताब हर घर तक पहुंचे ताकि कोई भी व्यक्ति ये महसूस न करें कि वह अकेला है।



भिवानी। अनसुसाइड पुस्तक के कवर का विमोचन करते स्टैंड विद नेचर के संस्थापक लोकेश भिवानी, आर्य करियर इंस्टीट्यूट के निदेशक वजीर मान व अन्य।

### 2023 में एक लाख 71 हजार 500 ने गंवाई जान

कार्यक्रम में हैल्पिंग हैंड्स सोसायटी के पदाधिकारियों ने भी इस बात पर प्रकाश डाला कि समाज को ये समझने की जरूरत है कि आत्महत्या कमजोरी नहीं, बल्कि मदद न मिलने की त्रासदी है। उन्होंने अनसुसाइड को उन लोगों के लिए उम्मीद का दीपक बताया, जिन्होंने अपने दर्द को शब्दों में नहीं कहा, पर हर दिन जिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर 43 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या से अपनी जान गंवा रहा है। भारत में 2023 में आत्महत्या करने वालों की संख्या लगभग एक लाख 71 हजार 500 रही, जिनमें सबसे अधिक संख्या 20 से 34 वर्ष के युवाओं की है।

### बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में ध्यान देना जरूरी

इंस्टीट्यूट के निदेशक वजीर मान ने युवाओं के मानसिक दबाव को सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों व शिक्षण संस्थानों को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में ध्यान देना होगा। उन्होंने इस किताब को भीतर टूटे हुए हिस्सों को जोड़ने वाली एक दिशा दिखाने वाला बताया। इस मौके पर पुस्तक के लेखक लोकेश भिवानी ने कहा कि किताब उन लोगों की कहानी है, जो आत्महत्या नहीं करते, लेकिन हर दिन मरने जैसा महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक दर्द किसी तलवार से कम नहीं होता, पर जो लोग इस दर्द में भी टिके हैं, वहीं असली योद्धा हैं। अनसुसाइड उनके साहस को सलाम करती है।

**बेदखली सूचना**

मैं, संजीव कुमार पुत्र श्री चंद्रभान निवासी ढाणी चरखान पतराम गेट, भिवानी बयान करता हू कि मेरा पुत्र अमन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मै मेरे पुत्र अमन को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन देन करने वाला स्वंय जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

मैं, संजीव कुमार पुत्र श्री चंद्रभान निवासी ढाणी चरखान, पतराम गेट,भिवानी बयान करता हू कि मेरा पुत्र विनीत कुमार व उसकी पत्नी मनीषा यादव मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मै मेरे पुत्र विनीत कुमार व उसकी पत्नी मनीषा यादव को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन देन करने वाला स्वंय जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### खेलकूद स्पर्धा के लिए 24 तक प्रस्ताव भेजें

**चरखी दादरी।** माय भारत केंद्र से जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि इच्छुक युवा मंडल 24 अक्टूबर तक ब्लॉक स्तर पर में आयोजित प्रतियोगिता के लिए प्रस्ताव भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के तीन ब्लॉकों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। दादरी व झोझू, बाढ़ड़ा और बौंद ब्लॉकों में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों का माय भारत पोर्टल पर व्यक्तिगत इवेंट पर ऑनलाइन पंजीकरण होना चाहिए।

### डीसी ने फसल अवशेष न जलाने का आह्वान किया

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जिला के किसानों से फसल अवशेष न जलाने का आह्वान किया और सरकार द्वारा चलाई जा रही फसल अवशेष प्रबंधन योजना का लाभ उठाएं। योजना के तहत लाभपात्र किसान को 1200 रुपये प्रति एकड़ की सहायता राशि दी जाएगी। डीसी ने कहा कि जिला में धान की कटाई का कार्य चल रहा है। कटाई उपरान्त किसान जाने अनजाने में बचे हुए अवशेषों में आग लगा देते हैं, जिसके कारण भूमि के स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है व आमजन को भी सांस संबंधित गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। फसल अवशेष जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति खत्म होती है, जो मित्र कीट उपलब्ध होते हैं उनका नाश हो जाता है।

### तीन माह से किसानों का महापड़ाव जारी

**लोहारू।** कपास बीमा क्लेम भुगतान की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले इलाके के किसान तीन महिने से स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में महापड़ाव डाले बैठे हैं। इस पूरे मसले पर सरकार की चुप्पी को देखते हुए किसानों में अब सरकार के प्रति कथित रूप से रोष पनपने लगा है। किसानों ने कहा कि यदि समय रहते सरकार किसानों की मांगों के प्रति गंभीर नही हुई तो किसान जल्दी ही कोई बड़ा फैसला लेने को मजबूर होंगे। आज के महापड़ाव को शेर सिंह झांझड़ा, सूबेदार धनपत सिंह, मास्टर दयानंद दमकौरा, पृथ्वी सिंह पूर्व प्राचार्य, नरेन्द्र श्योराण फरटिया केहर, मनफूल ओबरा,जय सिंह गिगनाऊ, जगदीश बारवास ने संबोधित किया।

## विधायक व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने कार्य का करवाया शुभारंभ

*नंदियों के लिए चारा खाने से लेकर भंडारण के लिए अलग से शेड का निर्माण होगा*

# 2.5 करोड़ की लागत से सुधरेगी नंदीशाला भवन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब नंदीशाला के भवन की कायाकल्प होने जा रही है। साथ ही नंदियों के लिए चारा खाने से लेकर चारे के भंडारण के लिए अलग से शैड का निर्माण होने जा रहा है। उक्त व्यवस्थाएं व सुविधाओं पर करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत आएगी। नंदीशाला के भवन के जीर्णोद्धार के कार्य का विधायक घनश्याम सर्राफ,नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व नगर पार्षद सुभाष तंवर ने नारियल फोड़कर किया। इस दौरान नंदीशाला में विधायक सर्राफ व भवानी प्रताप सिंह ने नंदियों को गुड़ खिलाया। साथ में खड़े लोगों का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

विधायक घनश्याम सर्राफ ,नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह हालवास गेट स्थित नंदीशाला पहुंचे और वहां उक्त कार्यों के शुरू करवाए जाने का श्रीगणेश करवाया। करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से नंदीशाला में नंदियों के लिए शैड, चारा भंडारा की अलग से शैड का निर्माण करवाया जाएग। इनके अलावा वहां पर नंदियों को पीने के पानी तथा चारे के लिए अलग अलग खोर का निर्माण होगा। ताकि नंदी आराम से खोर के साथ खड़े होकर अपना पेट भर सके। नंदियों के पीने के लिए पानी तथा उनको नहलाने की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। चूंकि गर्मी के मौसम में ज्यादा गर्मी होने की वजह से नंदियां हाफने लगते है,लेकिन नहाने की सुविधा होने के बाद दिन में उनको नहलाया भी जा सकेगा। इनके अलावा नंदियों के लिए घुमने के लिए एक अलग से बाड़ा का भी निर्माण करवाया जाएगा। ताकि चारा खाने के बाद नंदी उस बाड़े में टहल सके। इस मौके पर नगर पार्षद सुभाष तवंर,अमित बंसल, राजीव मित्तल, रोहित डुडेजा, बालकिशन, सुरेंद्र चांगिया, मोहन कुम्हारीवाला आदि मौजूद थे।



**भिवानी।** नारियल फोड़कर नंदीशाला के भवन के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### विकास कार्यों के लिए सरकारी खजाने लबालब : सर्राफ

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि आज नगरपरिषद द्वारा करीब ढाई करोड़ रुपये की राशि से नंदीशाला के भवन का जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारंभ करवाया गया है। ताकि नंदियों को गर्मी व सर्दी में बाहर न रहना पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि सार्वजनिक विकास कार्यों के लिए सरकारी खजाने लबालब है। बशर्ते लोग सार्वजनिक कार्य लेकर आए। सीएम नायब सिंह सैनी पहले से ही भिवानी पर मेहरबान है। वे भिवानी के विकास के लिए दिल खोलकर राशि का बजट जारी करवा रहे है।

### नवीनीकरण से बढ़ेगी नंदीशाला की क्षमता : भवानी प्रताप

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से नंदीशाला की कायाकल्प होगी। नए शैड बनेंगे तथा चारा भंडारण के लिए अलग से शैड तैयार करवाई जाएगी। उसके बाद उक्त नंदीशाला में करीब 500 के आसपास नंदी रखने की जगह बन जाएगी। जो नंदी सड़कों पर घुम रहे है। उनको भी इस नंदीशाला में रखा जाएगा। ताकि उनके चारे व पानी की सही व्यवस्था हो सके। साथ ही उनको तेज गर्मी व सर्दी से बचाया जा सके। अगले कुछ महीनों में यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

*राजस्व बढ़ाना, पारदर्शी व्यवस्था और जनसुविधा होगा मुख्य लक्ष्य*

# एचसीएस नितिश सेलपाड़ ने संभाला ईटीओ जिला भिवानी का कार्यभार

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶। बवानीखेड़ा

एचसीएस अधिकारी नितिश सेलपाड़ ने भिवानी जिले में आबकारी एवं कराधान अधिकारी (ईटीओ) के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य लक्ष्य राज्य के राजस्व में वृद्धि, पारदर्शी कर प्रणाली और जनसुविधा सुनिश्चित करना रहेगा। उन्होंने कहा कि विभाग का प्राथमिक उद्देश्य सरकार की नीतियों को धरातल तक पहुंचाना है ताकि आमजन और व्यापारी दोनों को इसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि सरकार द्वारा जीएसटी और अन्य करों में दी गई छूटों का जनता को वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित शिकायतों पर कड़े से कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

**जनहित में विशेष प्राथमिकताएं :** एचसीएस अधिकारी नितिश सेलपाड़ ने कहा है कि उनके कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान किया जाएगा। विशेषकर फ्रीडम फाइटर्स के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों, दिव्यांग व्यक्तियों और बुजुर्गों को उनके कार्यालय में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। सेलपाड़ ने कहा कि "इन वर्गों का सम्मान हमारी जिम्मेदारी है। कार्यालय में आने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना चाय-पानी के लौटने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।" उन्होंने यह भी बताया कि व्यापारियों और आमजन को किसी भी प्रशासनिक पेचीदगी से बचाने के लिए विशेष समाधान शिविर लगाए जाएंगे, जहां टैक्स से जुड़ी समस्याओं का निपटारा मौके पर किया जा सके।



एचसीएस अधिकारी नितिश सेलपाड़।

### पारदर्शी और जनसहयोगी व्यवस्था की दिशा में कदम

इस दौरान नव नियुक्त एचसीएस नितिश सेलपाड़ ने कहा कि उनका उद्देश्य एक ऐसी व्यवस्था बनाना है जिसमें न तो जनता को परेशानी हो और न ही राजस्व को हानि। विभाग के सभी कर्मचारियों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और समयबद्धता से कार्य करने के निर्देश दिए जाएंगे। सरकार की मंशा साफ है- ईमानदार करदाताओं को सम्मान और कर चोरी करने वालों पर सख्ती। हम उसी भावना के साथ काम करेंगे।

### कर चोरी, टैक्स फ्राड या नकली बिलिंग पर सख्ती

नव नियुक्त ईटीओ नितिश सेलपाड़ ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि राजस्व संग्रह में पारदर्शिता और अवैध व्यापार पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की कर चोरी, टैक्स फ्राड या नकली बिलिंग जैसी गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। आबकारी अधिनियम, जीएसटी अधिनियम और अन्य कर कानूनों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। किसी भी व्यापारी या प्रतिष्ठान द्वारा नियमों के उल्लंघन पर नोटिस जारी करने, जुर्माना लगाने और रजिस्ट्रेशन रद्द करने जैसी कार्रवाई तुरन्त अमल में लाई जाएगी।

## जागरूकता शिविर में दी कानून की जानकारी

**बहल।** उपमण्डल विधिक सेवाएं समिति लोहारू द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी एवं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पवन कुमार के निर्देशानुसार व एसीजे एसडी देवेन्द्र सिहं के मार्गदर्शन में सोमवार को अन्तराष्ट्रीय आपदा निवारण दिवस के उपलक्ष्य में गांव लाडावास में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैनल अधिवक्ता रवि कुमार यादव ने विभिन्न अपराधों के लिए बने कानून के बारे में बताया और नालसा द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता रवि कुमार यादव द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षा अधिकार कानून, मौलिक अधिकार, महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं आदि के विषय में भी बताया गया। इस अवसर पर ग्राम सचिव मुकेश कुमार, पूर्व सरपचं राव धर्मचन्द, महाबीरए, सजयं चौकीदार, हवासिह, सुखबीर, सोनू, अजीत, मोनू, अज्जू मेहरा, कैलाश यादव, शेरसिहं, विक्रम, कैलाश रानी आगनवाड़ी वर्कर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



*प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते है फिर अधिकारियों की सुध नहीं*

# तोशाम के सुरेंद्र सिंह चौक पर टूटा मैनहोल दे रहा हादसों को बुलावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तोशाम

कस्बे के सुरेंद्र सिंह चौक पर टूटा हुआ मैनहोल हादसों को बुलावा दे रहा है। इस मैनहोल का गहरा गड्ढा किसी भी राहगीर या किसी वाहन चालक को किसी भी समय अपना शिकार बना सकता है। ऐसे में प्रतिदिन इसके पास से गुजरने वाले विभिन्न अधिकारीगण इसे देखकर भी अनदेखा किए हुए हैं। कस्बे के सुरेंद्र सिंह चौक पर सड़क के बीचो-बीच पिछले कुछ दिनों से मैनहोल का ढक्कन टूटा हुआ है जोकि बड़े हादसों को बुलावा देता नजर आ रहा है। जिससे प्रतिदिन इसके पास से गुजरने वाले वाहन तथा राहगीर बाल-बाल बच रहे हैं और जाने अनजाने में किसी भी समय कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है, क्योंकि यह गड्ढा कस्बे के मुख्य चौक में शुमार सुरेंद्र सिंह चौक पर सड़क के बीचो-बीच बना हुआ है। काबिले गौर होगा कि प्रतिदिन इसके बिल्कुल नजदीक से प्रशासन तथा संबंधित विभाग के अनेक अधिकारी, कर्मचारी गुजरते हैं बावजूद इसके कोई भी इस और ध्यान नहीं दे रहा तथा पिछले कुछ दिनों से यह टूटा हुआ मैनहोल हादसों को निमंत्रण देता नजर आ रहा है। गनीमत है कि कुछ दुकानदारों ने इंसानियत के नाते इस टूटे मैनहोल के चारों तरफ संकेत के रूप में कुछ ईंटें लगा दी है।



**तोशाम।** मुख्य मार्ग पर हादसों को न्यौता दे रहे सीवर के मैनहोल। *फोटो : हरिभूमि*

*वैश्य महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन*

# मानसिक स्वास्थ्य दुरुस्त रखने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अति आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

मानसिक स्वास्थ्य दुरुस्त रखने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अति आवश्यक है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेगा। प्रतिकूलता में या तो परिस्थिति को बदलें या फिर स्वयं को बदल ले लेकिन मानसिकता पर बोझ ना पड़ने दे। यह बात वैश्य महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग और मनोविज्ञान एवं एलाइड साइंसेज सोसाइटी रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विस्तार व्याख्यान में बोलते हुए चौ बंसीलाल विश्विद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ सोनल शेखावत ने कही। यह व्याख्यान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व एवं मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ सतीश श्योराण के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया। मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर बोलते हुए डॉ सोनल शेखावत ने कहा कि स्वस्थ मन तथा तन के लिए प्रतिदिन दोस्तों के साथ मुलाकाते तथा सकारात्मक विचारों की भरमार रखें। अपनी हॉबीज को समय दें, व्यायाम, मेडिटेशन करें। मनोवैज्ञानिक से सलाह लेने में ना हिचकिचाए क्योंकि एक छोटा सा सही निर्णय आपकी पूरी जिंदगी को बदल सकता है।तन तथा मन से सुखी रहें,स्वस्थ रहें व मस्त रहे। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व में दैहिक और मानसिक दोनों गुण है यदि इन दोनों गुणों में सामंजस्य नहीं है तो व्यक्ति पूर्ण रूप से व्यवस्थित नहीं है। डॉ सोनल शेखावत ने कहा कि हमें जीवन में हर दिन किसी ना किसी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिनसे तनाव दुश्चिंता और अवसाद भी आता है लेकिन यह आवश्यक नहीं कि हम किसी मनोविकार से घिरे हैं। हम सब भागदौड़ में फंस कर तनाव,चिंता,अवसाद व अन्य मानसिक बीमारियों से घिरते जा रहे हैं। वर्तमान समय मानसिक अस्वस्थता का है।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व बच्चे।

# मानवाधिकार की ढाल के रूप में काम करता सूचना का अधिकार: तंवर



**भिवानी।** स्मृति चिन्ह भेंट करते सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

अखिल भारतीय मानव अधिकार संघ (अबहरो) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव एचएस तंवर ने कहा कि आरटीआई केवल कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि पारदर्शिता लोकतंत्र की आत्मा है और लोकतांत्रिक सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार व मानव अधिकार वे शक्ति है, जिसकी बदौलत साधारण व्यक्ति भी सरकार से सवाल पूछ सकता है, ये अधिकार नागरिकों को सशक्त सरकार व प्रशासन को जवाबदेह बनाते है। तंवर आरटीआई दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता कही। बता दें कि जमशेदपुर में आयोजित सेमिनार में तंवर को बतौर मुख्य वक्ता आमंत्रित किया था। तंवर ने आरटीआई के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला, जिसमें नागरिकों को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि आरटीआई अधिनियम 2005 को भारत में लोकतांत्रिक जवाबदेही की आधारशिला माना जाता है, जिसकी उत्पत्ति राजस्थान में मजदूर किसान शक्ति संगठन जैसे जमीनी स्तर के आंदोलनों से हुई, जिसने मजदूरी भुगतान में भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए सरकारी रिकॉर्ड तक पहुंच की मांग की थी। उन्होंने कहा कि जब संस्थाएं पारदर्शी ढंग से काम करती हैं, तो जनता का विश्वास बढ़ता है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं अधिक मजबूत बनती हैं। उन्होंने कहा कि ये अधिकार मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (अनुच्छेद 19) में भी निहित है, जो सूचना मांगने, प्राप्त करने और प्रदान करने के अधिकार की पुष्टि करता है।



### इको-फ्रेंडली दिवाली का किया आह्वान

**भिवानी।** बुक्सैलर एंड स्टेशनर्स एसोसिएशन द्वारा भव्य परिवार स्नेह मिलन समारोह आपणो परिवार-आपणो उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य एसोसिएशन के सदस्यों को एक मंच पर लाना, उनके बीच आपसी मेल-जोल को बढ़ाना और एक-दूसरे के प्रति सहयोग की भावना को मजबूत करना था। इस अवसर पर संरक्षक रमेश सिंघल, एसोसिएशन के प्रधान दीपक नाहड़िया, मीडिया प्रभारी अनिल पोपली, सदस्य पार्षद अंकुर कौशिक, सोशल मीडिया प्रभारी पार्षद मनीष गुरेजा ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

*नांगल पंचायत व श्रीश्याम दीवाना मंडल ने विकास कार्यों को लेकर विधायक को सौंपा प्रस्ताव*

# नांगल की विकास योजनाओं को मिली मंजूरी, शौचालय और टीन शेड बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

गांव नांगल के विकास कार्यों को गति देते हुए ग्राम पंचायत और श्रीश्याम दीवाना मंडल के सदस्यों ने विधायक से मुलाकात कर सार्वजनिक धर्मशाला में शौचालय बनवाने और टीन शैड डालने की मांग का प्रस्ताव सौंपा। विधायक ने प्रस्ताव को तुरंत मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने विधायक द्वारा पूर्व में की गई अन्य विकास मांगों को भी जल्द पूरा करने की मांग उठाई, जिस पर विधायक ने सकारात्मक आश्वासन दिया। गांव नांगल के सरपंच कुलदीप सिंह और मंडल के अध्यक्ष सत्यवान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मिलकर उन्हें विस्तृत प्रस्ताव और ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मुख्य रूप से गांव की सार्वजनिक धर्मशाला में मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर किया। इस दौरान उन्होंने विधायक के समक्ष सार्वजनिक धर्मशाला में सुविधाजनक शौचालय का निर्माण, धूप और बारिश से बचाव के लिए धर्मशाला पर टीन शैड डलवाने की मांग रखी।



**भिवानी।** विधायक सर्राफ से मुलाकात करते सरपंच कुलदीप सिंह व अन्य।

### विधायक का मांगों को पूरा करने का आश्वासन

इस दौरान उन्होंने पूर्व में विधायक सर्राफ द्वारा गांव के विकास के लिए स्वीकृत की गई लंबित मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाने की मांग रखी। विधायक सर्राफ ने ग्राम पंचायत और मंडल की मांगों को गंभीरता से लेते हुए सार्वजनिक धर्मशाला में शौचालय और टीन शैड के निर्माण के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के गांव सज्जनपुर की योग व्यायामशाला में योग कराते हुए।

## नियमित व्यायाम से बीमारियों का बचाव संभव

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा योग आयोग आयुष विभाग हरियाणा के मार्गदर्शन में व जिला आयुर्वेद अधिकारी के निर्देशन में जिला भिवानी की प्रत्येक व्यायामशाला में आयुष योग सहायक योग करवा रहे हैं, इसी कड़ी में खंड बवानी खेड़ा के गांव सज्जनपुर की योग व्यायामशाला में प्रतिदिन प्रातःकाल आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक गांव के बुजुर्ग, महिला एवं बच्चों खिलाड़ियों को योग आसन प्राणायाम कराते हैं आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताया कि हमें नित्य प्रतिदिन योग आसन प्राणायाम करने चाहिए ताकि अनचाही बीमारियों से बचाव हो सके, पहला सुख निरोगी काया नामक स्लोगन तभी सफल हो सकता है जब हम सभी नित्य योग अभ्यास करें। व्यायामशाला दुर्जनपुर नया नाम बदलकर सज्जनपुर में आयुष योग सहायक ने उपस्थित बच्चों को योग आसन करवाकर संबोधित करते हुए कहा कि योग से शरीर में रक्त का संचार होता है और शरीर स्वस्थ रहता है योग सहायक ने सभी बच्चों को सर्दी के मौसम में जुखाम, त्वचा रोग, एलर्जी, हैट वक्त छींके आना, नाक की हड्डी व नाक का मांस बढ़ना आदि रोगों से बचने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा व योग आयुर्वेद को अपनाकर जल जलनेति सूत्रनेति षट्कर्म अपनाने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**न्याय की मांग** बसपा ने प्रदर्शन कर एडीजीपी आत्महत्या मामले में मांगा इंसाफ, सौंपा ज्ञापन

# एडीजीपी आत्महत्या को भाजपा दे रही राजनीतिक रूप : रंगा

■ प्रशासनिक तंत्र में जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न का परिणाम बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

आईपीएस अधिकारी और एडीजीपी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या मामले ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। सोमवार को बसपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सचिव जोगेंद्र कायला के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष प्रदीप रंगा की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया तथा नारेबाजी कर लघु सचिवालय में राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा। बससा ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने व मृतक के परिजनों के साथ न्याय करने की मांग की। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे और दुःखद घटना को प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न का परिणाम बताया।



**भिवानी।** एडीजीपी आत्महत्या मामले में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते बसपा नेता एवं कार्यकर्ता।

प्रदर्शन के दौरान बसपा प्रदेश सचिव जोगेंद्र कायला ने कहा कि ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित अधिकारी को केवल इसलिए मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी, क्योंकि वह अनुसूचित जाति वर्ग से था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के संरक्षण में जातिवादी मानसिकता प्रशासन के उच्च स्तर तक घर कर चुकी है। उच्चाधिकारियों और राजनीतिक शक्तियों द्वारा बनाए अत्यधिक दबाव और अन्यायपूर्ण व्यवहार ने एडीजीपी को आत्महत्या जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक अधिकारी की व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे के भीतर फैले जातिगत भेदभाव और असमानता का आईना है। जिलाध्यक्ष प्रदीप रंगा ने कहा कि एडीजीपी आत्महत्या मामले की जांच करने की बजाय भाजपा सरकार इसे राजनीतिक रूप दे रही है। उन्होंने कहा कि ये हरियाणा सरकार के लिए शर्म की बात है कि इतने बड़े स्तर का अधिकारी आत्महत्या कर रहा है तो आम आदमी कहां तक सुरक्षित है। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष जोगीराम मेहरा, ज्ञानसिंह बगड़ी, रामसिंह, सज्जन दुल्हेड़ी, राजेश सरोहा, संदीप काजल, कर्ण दुल्हेड़ी, रामवतार मेहंदिया, महिपाल, पवन चौहान, रमेश सिहाग, बनारसीदास, पवन सांगवान, अशोक बजीना आदि मौजूद रहे।

### नपा प्रधान ने दुकानदारों की ली सुध, बोले जल्द होगा समाधान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा नगर पालिका कार्यालय एवं वीके फोटो स्टेट के पीछे जमा बारिश व सीवरेज के गंदे पानी की निकासी को लेकर नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री ने निरीक्षण किया और दुकानदारों को मंगलवार तक पानी निकासी का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले काफी समय से बारिश व सीवरेज के गंदे पानी के जमा होने व निकासी के समाधान न होने को लेकर दुकानदारों का गुस्सा सातवें आवमान पर पहुंच गया और उन्होंने नपा प्रधान से इसकी गुहार लगाई। वहीं नपा प्रधान सुंदर अत्री, सामाजिक संगठन से जुड़े समाजसेवी मनीष शंकर संग मौके पर पहुंचे और दुकानदारों की पीड़ा को सुना।